हिंदी ऑनलाइन कक्षा में आप सभी का स्वागत है|

कक्षा -६

हिन्दी

पाठ - 6

हमारे प्रेरणा के स्रोत- डॉ अब्दुल कलाम

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: **1800 120 2316**
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

प्रस्ताव-

हर मनुष्य के जीवन में कोई- न- कोई ऐसा व्यक्ति होता है जिससे वह प्रभावित होता है।उसका हमारे जीवन पर गहरा असर पड़ता है। उसके जीवन से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं। आइए, जानते हैं कि एक साधारण व्यक्ति किस प्रकार अपने असाधारण कार्य से महान बनता है।



ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

संबंधित प्रश्न-

१. मनुष्य किससे प्रभावित होता है?
२. हमारे जीवन में किसका असर ज्यादा पड़ता है?
३. किसके जीवन से हमें कुछ सिखने को मिलता है?
४. असाधारण व्यक्ति कैसे महान बनता है?

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

सामान्य उद्देश्य-

- छात्रों में महापुरुषों के जीवन से सीख लेने के लिए प्रेरित करना।
- छात्रों को अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना।
- बच्चों को महान व्यक्तियों के जीवन से परिचित कराना, ताकि वे भी महान बन सकें।

विशिष्ट उद्देश्य-

- डॉ अब्दुल कलाम के बारे में छात्रों को जानकारी देना।
- छात्रों को डॉ अब्दुल कलाम कैसे एक साधारण व्यक्ति से असाधारण व्यक्ति बने उसके बारे में जानकारी देना।
- गुरु के प्रति विश्वास और श्रद्धा जाग्रत करना।
- कलाम के विभिन्न गुणों,उनकी कार्यप्रणाली, और उनके उपलब्धियों के बारे में जानकारी देना।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

प्रस्तुत पाठ 'हमारे प्रेरणा स्रोत–डॉ० अब्दुल कलाम' एक व्यक्ति–चित्र है। भारत के महान व्यक्तियों में से अब्दुल कलाम एक महान व्यक्तित्व हैं। इनका जन्म 15 अक्तूबर, 1931 ई० को तमिलनाडु के रामेश्वरम् कस्बे में एक मध्यमवर्गीय मुसलिम परिवार में हुआ। अपने पिता जैनुलआबिदीन से इन्होंने ईमानदारी तथा माता जी से ईश्वर पर विश्वास व करुणा का पाठ पढ़ा। बचपन से जात–पात रूपी भेदभाव से परे कलाम ने अपनी माँ और दादी से रामायण तथा मुहम्मद पैगंबर के किस्से सुने। अध्यापकों के प्रति उनके मन में असीम विश्वास तथा श्रद्धा थी। इन्होंने राष्ट्रपति बनने का श्रेय भी अपने गुरुओं को दिया। वे अपने गुरु अयादुरै सोलोमन से काफ़ी प्रभावित थे। अब्दुल कलाम एक महान वैज्ञानिक हैं। वे सादगी और सच्चाई के परिचायक हैं। उनकी उपलब्धियों के लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्म विभूषण तथा भारत रत्न से अलंकृत किया। 'मिसाइल मैन' से विख्यात कलाम ने इच्छा, आस्था तथा आशा को सफलता का मंत्र बताया। वे पूर्णतः शाकाहारी हैं। कलाम का हृदय कवि का हृदय है तथा मानवता उनके नस–नस में समाहित है। वे अनेक भारतीयों के लिए सदैव पथ–प्रदर्शक तथा प्रेरणा के स्रोत रहे हैं।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP